卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 234 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦4 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# देश में एक बार फिर मोदी सरकार!

## दोपहर तक के रूझानों में एनडीए ने पार किया बहुमत का आंकड़ा, अपने दम पर किसी भी दल को बहुमत नहीं



नई दिल्ली(उद संवाददाता)। देश में एक बार फिर मोदी सरकार बनने जा रही है। दोपहर तक मतगणना के आये रूझानों में एनडीए गठबंधन ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। हालाकि एनडीए का 400 पार का नारा पूरा नहीं हो पाया है। लोकसभा चुनाव के वोटों की गिनती शुरू होने के बाद शुरुआती रुझानों में ही भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बढ़त बनाते हुए बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया। दोपहर तक कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक 222 से ज्यादा सीटों पर आगे चल रहा था। विपक्ष दोपहर तक यह दावा करता रहा कि वो 295 सीटें जीतेगा। मंगलवार को लोकसभा चुनाव के रूझान सामने आते ही एग्जिट पोलो की हवा निकल गयी। एग्जिट पोल के अनुमान की तुलना में इंडिया ब्लॉक कड़ी लड़ाई में दिखा। हालाकि शुरूआत से ही एनडीए ने रूझानों में पूर्ण बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लिया था। दोपहर डेढ़ बजे तक एनडीए 300 सीटों पर आगे चल रहा था जबकि इंडिया ब्लॉक ने 222 सीटों पर बढ़त बना रखी थी। रूझान सामने आने के बाद से ही भाजपा के खेमे में खुशी की लहर दौड़ गयी। देश भर में भाजपा ने मतगणना के परिणाम देखने के लिए बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था की थी। रूझानों में एनडीए को जीत मिलने के बाद से ही भाजपाई जश्न में डूब गये। लोकसभा चुनाव के नतीजों में आज लगातार कड़ा मुकाबला देखने को मिला। अकेले अपने दम पर कोई भी दल बहुमत का जादुई आंकड़ा पूरा नहीं कर पाया। वहीं नरेन्द्र मोदी का चार सौ पार का दावा भी सफल नहीं हो पाया। केन्द्र में 10 साल बाद केंद्र में फिर 'खिचड़ी' सरकार बनती नजर आ रही है। माना जा रहा है कि भाजपा को अपने सहयोगी दलों के दम पर सरकार बनाने का मौका मिलेगा। समाचार लिखे जाने तक यूपी की हॉट सीट अमेठी में भाजपा की स्मृति ईरानी कांग्रेस प्रत्याशी से पीछे चल रही थी। जबकि रायबरेली में राहुल गांधी हजारों वोटों से बढ़त बनाये हुए थे। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी सातों सीटों पर बढ़त बनाये हुए थी। बिहार में एनडीए 33 सीटों पर बढ़त बनाए हुए थी। रूझानों में बहुमत मिलने के साथ ही भाजपा ने सरकार बनाने के लिए तैयारी भी शुरू कर दी है। दोपहर को बीजेपी नेताओं ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## यूपी में भाजपा को बड़ा झटका

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों के रुझानों में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। दोपहर तक के आए रुझानों में एनडीए को 37, इंडिया गठबंधन 42 और 1 सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी बढ़त बनाए हुए थे। वहीं रुझानों के मुताबिक बसपा शून्य पर सिमटती दिख रही है। अकेले भाजपा 37, सपा 35 और कांग्रेस 7 सीटों पर बढ़त बनाए हुए थी। यूपी में अमेठी की हाईप्रोफाइल सीट पर बड़ा उलटफेर होता नजर आ रहा है। दोपहर तक के रूझानों में कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा ने स्मृति ईरानी को 32 हजार वोट से पीछे कर दिया था जबकि सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज से, मैनपुरी से डिंपल और रायबरेली से राहुल गांधी बढ़त बनाए हुए थे। काशी में पीएम मोदी पहले राउंड में पीछे हुए, हालांकि बाद में उन्होंने बढ़त बना ली थी। वहीं भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर नगीना भी 60 हजार वोटों से आगे चल रहे थे। केंद्र सरकार में मंत्री अजय मिश्र टेनी और कौशल किशोर किशोर, अनुप्रिया पटेल और संजीव बालियान भी पीछे चल रहे थे। मेरठ से अरुण गोविल और सहारनपुर से इमरान मसूद आगे थे। बता दें यूपी से पीएम मोदी के 12 और योगी कैबिनेट के 4 मंत्री मैदान में हैं। अखिलेश और डिंपल समेत मुलायम परिवार के 5 सदस्यों की प्रतिष्ठा भी दांव पर है।

## रूझान आते ही शेयर बाजार में हाहाकार

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव रुझानों के बीच शेयर बाजार में आज कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई और ये देखते-देखते सुनामी में तब्दील हो गई। दोपहर तक सेंसेक्स 6000 अंक से ज्यादा टूटकर कारोबार कर रहा था, तो वहीं एनएसई निफ्टी 1900 अंक से ज्यादा फिसल गया था। शेयर बाजार में मंगलवार को शुरू हुआ गिरावट का सिलसिला लगातार जारी रहा। बीएसई का सेंसेक्स 1700 अंक टूटकर ओपन हुआ था और दोपहर 12.20 बजे तक ये 6094 अंक की गिरावट लेते हुए 70,374 के लेवल पर आ गया। वहीं दूसरी ओर निफ्टी इंडेक्स करीब 1947 अंक की भारी गिरावट के साथ फिसलकर 21,316 के लेवल पर ट्रेड कर रहा था। सोमवार को जहां सेंसेक्स 2500 अंक और निफ्टी 733 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ था, वहीं आज उससे ज्यादा रफ्तार से दोनों इंडेक्स में गिरावट देखने को मिली है। शेयर बाजार में आई इस गिरावट के चलते निवेशकों को बड़ा नुकसान हुआ है और ईएसई एमकैप के मुताबिक, उनकी करीब 30 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति स्वाहा हो गई है। स्टॉक मार्केट में आई इस सुनामी के बीच बीएसई के 30 में से 29 शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। दोपहर तक इस बीच एनटीपीएसी शेयर 19.68 फीसदी गिरकर 314 रुपये पर कारोबार कर रहा था। इसके अलावा एसबीआई शेयर में 16.76 फीसदी, पावर ग्रिड शेयर 5.74 फीसदी, टाटा स्टील 9.99 फीसदी, टाटा मोटर्स 9.96 फीसदी, भारती एयरटेल 9.84 फीसदी, रियलांस 9.67 फीसदी और एचडीएफसी बैंक का शेयर 6.18 फीसदी फिसलकर कारोबार कर रहा था।

## उत्तराखण्ड में फिर खिला कमल

### भाजपा ने बनाई हैट्रिक, पांचों सीटों पर लहराया परचम



देहरादून। लोकसभा चुनाव में उत्तराखण्ड में भाजपा की बादशाहत एक बार फिर बरकरार रही है। दोपहर तक आये रूझानों में पांचों सीटों पर भाजपा ने बढ़त बना ली थी। प्रदेश भर में आज कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हुई। सबसे पहले पोस्टल मतों की गिनती की गयी। टिहरी सीट को छोड़कर सभी सीटों पर भाजपा ने शुरूआत से ही बढ़त बना ली थी। जैसे जैसे दिन चढ़ता गया वैसे वैसे भाजपा की बढ़त का आंकड़ा भी बढ़ता गया। बता दें इस बार प्रदेश की पांचों सीटों पर 55 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे थे। 19 अप्रैल को प्रदेश हुए मतदान में प्रदेश की जनता ने 57.22 प्रतिशत मतदान किया था। 47 लाख से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया था। सभी सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला था। पांच सीटों पर भाजपा ने हरिद्वार सीट से त्रिवेंद्र सिंह रावत, टिहरी सीट से माला राजलक्ष्मी शाह, पौड़ी से अनिल बलूनी, अल्मोड़ा से अजय टम्टा और नैनीताल सीट से अजय भट्ट को चुनाव मैदान में उतारा था। जबकि कांग्रेस ने हरिद्वार से हरीश रावत के पुत्र विरेन्द्र रावत, टिहरी से जोत सिंह गुनसोला, पौड़ी से गणेश गोदियाल और नैनीताल सीट से प्रकाश जोशी को चुनाव मैदान में उतारा था। चुनाव में प्रत्याशियों के साथ साथ भाजपा कांग्रेस के दिग्गजों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी थी। भाजपा खेमे की बात करें तो मुख्यमंत्री बनने के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी का यह पहला लोकसभा चुनाव था जिसके चलते सीएम धामी के सामने प्रदेश में फिर से प्रदर्शन दोहराने की चुनौती थी, जिसके लिए उन्होंने पूरी ताकत झोंक दी थी। तमाम कयासों दावों के बीच आज ईवीएम में वोटों की गिनती के साथ ही परिणाम सामने आने शुरू हो गये। भाजपा ने टिहरी सीट को छोड़कर अन्य सभी सीटों पर सुबह से ही बढ़त बना ली थी। टिहरी सीट पर शुरूआत में निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पवार आगे चल रहे थे लेकिन कुछ देर बाद ही भाजपा ने बढ़त बनाली जो आखिर तक जारी रही। दोपहर दो बजे तक के आंकड़ों के अनुसार नैनीताल उधम सिंह नगर (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाईक खाई में गिरने से दो युवकों की मौत

रुद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। गुप्ताकाशी क्षेत्र में एक मोटरसाईकिल खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को खाई से निकालकर पुलिस के सुपुर्द किया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली सोनप्रयाग द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचित किया गया कि गुप्तकाशी क्षेत्र के पास एक मोटरसाईकल खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, जिसमें रेस्क्यू हेतु एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। सूचना पर एसडीआरएफ टीम उप निरीक्षक आशीष डिमरी के नेतृत्व में आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल के रवाना हुई। मौके पर पता चला कि मोटरसाइकिल संख्या यूके 12सी -5430) अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई में गिर गयी थी। बाइक में दो लोग सवार थे। बाइक सवार दोनों लोगो की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो चुकी थी। एसडीआरएफ टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही करते हुए रोप की सहायता से खाई में उतरकर कड़ी मशक्कत करते हुए दोनों मृतकों के शवों को स्ट्रेचर बोर्ड के माध्यम से पैदल (शेष पृष्ठ सात पर)






## भाजपा कार्यालय में मना जीत का जश्न



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल उधमसिंहनगर लोकसभा सीट सहित प्रदेश की सभी पांचों लोकसभा सीटों का चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आने पर यहां भाजपा के जिला कार्यालय में पार्टी जन प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने जहां जमकर आतिशबाजी की वहीं अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को जीत की बधाई दी। आज पार्टी कार्यालय में लगाई गई बड़ी स्क्रीन पर विधायक शिव अरोरा के साथ कार्यकर्ताओं ने पूरे देश में चल रही मतगणना को देखा। जहां भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित होती गई कार्यकर्ता खुशी से झूमते रहे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के जयघोष करते हुए नृत्य करते रहे। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल व गुंजन सुखीजा, गुरविन्दर सिंह चंडोक, विवेक सक्सेना, रामपाल सिंह, उत्तम दत्ता, दिनेश आर्या, सुरेश परिहार, खिलेन्द्र चौधरी, इंतजार हुसैन, अनिल चौहान, चन्द्रसेन कोली, घनश्याम श्यामपुरिया, उपेन्द्र चौधरी, राजेन्द्र प्रजापति, सुरेश गौरी, हरीश जोशी, सुशील चौहान, आदेश ठाकुर, विनय बत्रा, रश्मि रस्तोगी, श्वेता मिश्रा, चन्द्रकला राय, फरजाना बेगम, प्रेमलता सिंह, डा. रेखायादव, ऊषा चौधरी, परवेज खान, पुष्कर सिंह, मोहन सिंह बिष्ट, अश्वनी अरोरा, मनोज मदान, सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पहले चरण से ही बढ़त बनाये रहे अजय भट्ट



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट एक बार फिर ऐतिहासिक जीत की ओर अगसर दिख रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी मतगणना प्रारंभ होने के पहले चक्र के बाद लगातार अपनी बढ़त मजबूत करते रहे। जबकि लोकसभा सभा सीट से अन्य प्रत्याशियों को आशानुरूप मत हासिल नहीं सके हैं। मतगणना के प्रथम राउंड में भाजपा प्रत्याशी अजरू भट्ट ने 68166 मतद हासिल किये, कांग्रेस के प्रकाश जोशी को 31368 मत प्राप्त हुए। अखिल भारतीय परिवार पार्टी के अखिलेश कुमार को 435, पिपुल्स पार्टी आफ इंडिया के अमर सिंह सैनी को 270, भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी के जीवन चंद उप्रेती को 201, उत्तराखंड क्रांति दल के शिब सिंह को 214, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के सुरेंद्र सिंह को 191, निर्दलीय रमेश कुमार मैक्स को 297, तथा निर्दलीय हितेश पाठक को 381 मत प्राप्त हुए। वहीं नोटा के खाते में 906 मत आये। दूसरे राउंड की मतगणना में भाजपा के अजय भट्ट को 76445, कांग्रेस के प्रकाश जोशी को 29580, अख्तर अली 1395, अखिलेश कुमार को 389, अमर सिंह सैनी 340, जीवन चंद उप्रेती 212, शिब सिंह 213, सुरेंद्र सिंह 175, रमेश कुमार 293, हितेश पाठक, 382, नोटा 921 मत मिले। तीसरे राउंड में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को 70261, कांग्रेस के प्रकाश जोशी को 30280, अख्तर अली को 1643, अखिलेश कुमार को 385, अमर सिंह सैनी को 243, जीवन चंद्र उप्रेती को 195, शिब सिंह को 153, सुरेंद्र सिंह को 153, रमेश कुमार को 287, हितेश पाठक को 381 व नोटा के हिस्से में 912 मत आये। चौथा राउंड में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को 70572, कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को 29516, अख्तर अली को 1155, अखिलेश कुमार को 389, अमर सिंह सैनी को 235, जीवन चंद उप्रेती को 203, शिब सिंह को 198, सुरेंद्र सिंह को 165, रमेश कुमार को 259, हितेश पाठक को 372 जबकि नोटा के खाते में 920 मत आये। पांचवे राउंड में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को 52310 कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को 44846, अख्तर अली को 1056, अखिलेश कुमार 407, अमर सिंह सैनी को 203, जीवन चंद उप्रेती को 211, शिब सिंह को 136, सुरेंद्र सिंह को 164, रमेश कुमार को 287, हितेश पाठक को 384 तथा नोटा 756 मत मिले। छटे राउंड में भाजपा प्रत्याशी अजय भटट को 58561, कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को 43460, अख्तर अली को 1568, अखिलेश कुमार 445, अमर सिंह सैनी को 237, जीवन चंद उप्रेती को 195, शिब सिंह को 115, सुरेंद्र सिंह को 125, रमेश कुमार को 261, हितेश पाठक को 336 तथा नोटा में 829 मत पड़े। सातवे राउंड में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को 63274, कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को 38343, अख्तर अली को 2074, अखिलेश कुमार को 400, अमर सिंह सैनी को 210, जीवन चंद उप्रेती को 195, शिब सिंह को 135, सुरेंद्र सिंह को 124, रमेश कुमार को 319, हितेश पाठक को 357 व नोटा को 857 मत मिले। आठवे राउंड में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को 62720, कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को 39838, अख्तर अली को 1798, अखिलेश कुमार को 378, अमर सिंह सैनी को 277, जीवन चंद उप्रेती को 164, शिब सिंह को 110, सुरेंद्र सिंह को 112, रमेश कुमार को 265, हितेश पाठक को 357, नोटा को 769 मत पड़े। समाचार लिखे जाने तक मतणना जारी थी। अजय भट आठवे राउंड तक 522289 मत हासिल कर पहले नंबर पर बने हुए हैं।

## कीड़ा जड़ी निकालने गए दो युवकों की बिजली गिरने से मौत

धारचूला। कीड़ाजड़ी निकालने छिपला केदार गए दो युवकों की बिजली गिरने से मौत हो गई। बेहद दुर्गम क्षेत्र होने के कारण युवकों का वहीं अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस घटना से मृतकों के परिजन गहरे सदमे में हैं। धारचूला तहसील क्षेत्र के गर्गुवा ग्राम पंचायत के सौप तोक निवासी पंकज सिंह (28) पुत्र त्रिलोक सिंह और जितेंद्र सिंह कुंवर (32) पुत्र दौलत सिंह कुंवर लगभग 15 दिन पूर्व अन्य ग्रामीणों के साथ कीड़ाजड़ी निकालने छिपला केदार क्षेत्र में गए थे। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले खराब मौसम के दौरान कीड़ाजड़ी निकालते समय बिजली गिरने से दोनों युवकों की मौत हो गई। वहां कोई संचार नेटवर्क काम नहीं करने पर साथ में मौजूद कुछ ग्रामीणों ने धारचूला पहुंचकर परिजनों को हादसे की सूचना दी। इसके बाद दोनों युवकों के परिजन छिपला केदार क्षेत्र स्थित बुग्यालों में पहुंचे। बुग्यालों तक पहुंचने के लिए बेहद खतरनाक चट्टानी मार्ग से होकर जाना पड़ता है। ऐसे में वहां से शवों को नीचे लाना संभव नहीं था। इस पर दोनों युवकों का उसी क्षेत्र में अंतिम संस्कार कर दिया गया। युवकों के साथ हुए इस हादसे से परिजन गहरे सदमे में हैं और गर्गुवा क्षेत्र में शोक व्याप्त है। वहीं मुनस्यारी विकासखंड के सुथरी क्षेत्र में बिजली गिरने से ग्रामीणों की 80 से अधिक भेड़-बकरियां मर गई हैं। भाजपा नेता भगत बाछमी ने बताया कि इन दिनों होकरा, गौला और खोयम के ग्रामीण भेड़-बकरियां चराने बुग्यालों में गए हैं। रविवार को मूसलाधार बारिश के दौरान बिजली गिरने से सूर सिंह, गंगा सिंह, किशन सिंह, मान सिंह, जसमल सिंह और जगदीश सिंह की 80 से अधिक भेड़-बकरियों की मौत हो गई। भेड़पालकों की कई भेड़ें लापता भी हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी देने के बाद डीएम रीना जोशी ने पशुपालन विभाग की टीम को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए।

## 22 जून को आठ गरीब कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली सामने कबीर मंदिर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में आने वाली 22 जून को कबीर जयंती के उपलक्ष में आठ गरीब बेटियों के सामूहिक विवाह को लेकर एक बैठक की। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि इन गरीब बेटियों के सामूहिक विवाह में अलमारी सेफ, साईकिल, इलेक्ट्रीक प्रेस, मेज कुर्सी, ट्रंक, बैड, ड्रेसिंग्टेबिल, परंखा सीलिंग फॅन, सिलाई मशीने, गद्दे, वाशिंग मशीन, एल.ई.डी., बैड शीट, कपड़, बर्तन सेंट, डिनरसेंट, कूकर, वाटर कूलर, मिक्सीमशीन, फ्रिज आदि समान दिया जाएगा। इस दौरान बैठक में हिम्मत राम कोली, नाथू लाल कोली, त्रिलोक कोली, इंद्रपाल कोली, दिनेश कोली, हरिराम, अजय कोली, धर्मपाल, दयाराम, शुभम, जगदीश, राकेश पाल, विक्की, पप्पू, सुंदरलाल, रामादेवी, बबली, सरोज रानी, जय देवी, जमुना देवी, चंद्रकाली, कमला देवी, मीना देवी, लक्ष्मी देवी, कांति देवी, भगवान देवी राम मूर्ति आदि लोग उपस्थित थे।



## जनपद में 7 से 11 बजे तक ही संचालित होंगे आंगबाड़ी केन्द्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य के मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी है, जिससे उष्ण लहर (हीट वेव) चलने की सम्भावना व्यक्त की गई है। वर्तमान मौसम सम्बन्धी विश्लेषण एवं मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमानों के अनुसार तापमान में अत्यधिक वृद्धि (अधिकतम तापमान 44डिग्री सेल्सियस) दर्ज की गई है। जिससे उच्च तापमान के सम्पर्क में आने से निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) होने की संभावना है। उच्च तापमान का प्रभाव शिशुओं, गर्भवती/धात्री माताओं के स्वास्थ्य पर संवेदनशीलता के दृष्टिगत प्रभावी हीट वेव कि सुरक्षात्मक कार्यवाही ससमय किये जाने की नितान्त आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने वर्तमान में देखी जा रही उच्च तापमान की समस्या के कारण शिशुओं, गर्भवती/धात्री माताओं के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुये आदेश दिए कि जनपद में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय सारणी को अल्पकाल के लिए आगामी दिनांक 15 जून, 2024 तक 07 बजे प्रातः से 11 बजे प्रातः तक ही संचालित करने के आदेश प्रभावी किए जाते है। उपरोक्त आदेश से विचलन आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 की धारा 51 (ख) के सुसंगत प्राविधानों का उल्लंघन माना जायेगा।

## भीषण गर्मी में ओवरलोडिंग से तीन महीने में फुंके 80 ट्रांसफार्मर

रुद्रपुर। भीषण गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से सर्किल क्षेत्र के ट्रांसफार्मर जवाब देने लगे हैं। ओवरलोडिंग की वजह से ट्रांसफार्मरों या तो फॉल्ट हो रहा है या फिर ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। ऐसे में लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो रही है। इससे लोगों को परेशानी का सामना तो करना ही पड़ रहा है, ऊर्जा निगम को भी क्षति उठानी पड़ रही है।उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड के रुद्रपुर सर्किल से रुद्रपुर के साथ ही किच्छा और गदरपुर तहसील भी जुड़ी हैं। इस क्षेत्र में आवश्यकतानुसार करीब आठ एमयू बिजली की आपूर्ति हो रही है। भीषण गर्मी की वजह से घरों, प्रतिष्ठानों, संस्थानों और फैक्टरियों में पंखों के साथ ही एसी का उपयोग अधिक हो रहा है। घरों में भी पंखों की संख्या में इजाफा हुआ है। ऐसे में बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मरों पर अधिक भार हो गया है। इसकी वजह से लाइन में आए दिन फॉल्ट हो रहे हैं। इससे विद्युत उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के अनुसार पिछले तीन महीनों में करीब 80 ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। इससे विभाग को भारी क्षति हो रही है। कुछ दिन पहले विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से बिजली का सदुपयोग करने की अपील की थी, जिससे ट्रांसफार्मरों पर अत्यधिक भार न पड़े और बिजली भी पर्याप्त मिल सके।

## ऋग्वेद के तीसरे भाग का कुमाऊनी भाषा में लिखित किताब का हुआ लोकार्पण

गरुड़(उद संवाददाता)। ऋग्वेद के तीसरे भाग का कुमाऊनी भाषा मेंकुमाऊँ के सुप्रसिद्ध साहित्कारों द्वारा संयुक्त रूप से कुमाउँनी भाषा मे अनुवाद किया गया है।लिखित किताब में कुमाउँनी भाषा के प्रचार प्रसार, क्षेत्रीय भाषा को देश की अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के समान बनाने के उद्देश्य से किताब के द्वारा अपनी क्षेत्रीय बोली अपनी सँस्कृति को पुनर्जीवित और सजोए रखने के उद्देश्य से किताब लिखी गई है। इसका लोकार्पण आदर्श ज्ञान अर्जुन विद्यालय गरुड़ में किया गया । यह तीसरा भाग 477 पृष्ठों का है,जिसमें ईश्वर के अनेक नाम -अग्नि , इंद्र, सूर्य ,वरुण व वायु आदि की स्तुति की गई है । समस्त प्राणियों के कल्याण के लिए ईश्वर की पवित्र वाणी का कुमाऊनी भाषा में अनुवाद पाठकों को मिलेगा । ऋग्वेद के प्रथम भाग का अनुवाद 2022 में कुल 489 पृष्ठों का है ।इसके बाद 2023 में प्रकशित दूसरा भाग 577 पृष्ठ का है । साहित्यकार मोहन जोशी ने बताया कि ऋग्वेद का चौथा भाग वह तैयार कर रहे हैं । कुछ ही समय के बाद यह हम सब के हाथों में होगा । पाठक संपूर्ण ऋग्वेद को कुमाऊनी भाषा में पढ़ सकेंगे । लोकार्पण के दौरान सुप्रसिद्ध साहित्यकार गोपाल दत्त भट्ट, एड डीके जोशी, सहित अनेक साहित्यकार और गणमान्य लोग मौजूद थे।




# प्रदेश में 27 ऑब्जर्वर की निगरानी में हुई ईवीएम काउंटिंग

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय जोगदंडे ने मीडिया सेंटर सचिवालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत



राज्य की पांचों लोकसभा सीटों में मतगणना कड़ी निगरानी में की गई। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि काउंटिंग की तैयारियों एवं काउंटिंग की सभी प्रक्रियाओं में निगरानी रखने हेतु 27 ऑब्जर्वर राज्य में तैनात किए गए। सभी ऑब्जर्वर अपने-अपने जनपदों में पहुंचे हैं। स्ट्रांग रूम को खोलते समय सभी प्रक्रियाओं की वीडियोग्राफी की जायेगी। उन्होंने बताया कि आरओ हेडक्वार्टर पर सुबह 8:00 बजे से सर्वप्रथम पोस्टल बैलट की काउंटिंग शुरू हुई। सुबह 8:30 बजे से ईवीएम काउंटिंग शुरू हुई। यह व्यवस्था मात्र आर.ओ हेडक्वाटर में सुनिश्चित की गई जहां पोस्टल बैलेट आते हैं। अन्य जिलों में सुबह 8:00 बजे से ईवीएम काउंटिंग शुरू हुई। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में ईवीएम काउंटिंग के लिए 884 टेबल लगाई गई। एक विधानसभा में अधिकतम 14 टेबल काउंटिंग के लिए रखी हैं। सभी जनपदों में टेबल्स की अलग संख्या हो सकती है। प्रत्येक टेबल पर एक काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग असिस्टेंट और माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त रिजर्व में 120 कार्मिकों की तैनाती भी की जाएगी। मतगणना स्थल पर विद्युत, पेयजल, खानपान एवं लॉ एंड ऑर्डर के लिए विशेष अधिकारियों की तैनाती की गई है। काउंटिंग सेंटर के लिए स्पेशल मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गई है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि काउंटिंग सेंटर में सुरक्षा के दृष्टिगत तीन घेरों में सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। सबसे अंदर घेरे में सीआरपीएफ द्वारा ड्यूटी दी जा रही है। दूसरे घेरे में राज्य सशस्त्र पुलिस बल एवं तीसरे घेरे में राज्य पुलिस द्वारा ड्यूटी तैनात की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी आने वाले व्यक्तियों/अधिकारियों/कार्मिकों को डी.ओ या फिर आर.ओ द्वारा जारी पहचान पत्र के आधार पर ही एंट्री दी जाएगी। प्रत्याशियों एवं पॉलीटिकल पार्टी द्वारा नियुक्त किए काउंटिंग एजेंट फार्म 18 में दिए गए नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र के साथ प्रवेश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि काउंटिंग केंद्र पर किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी, जिसके लिए अलग से मोबाइल डिपॉजिट सेंटर बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने पर सख्त रोक है। मीडिया के लिए मीडिया कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि यदि प्रत्याशी चाहे तो दूरस्थ जिले के ए.आर.ओ टेबल पर अपना काउंटिंग एजेंट नामित कर सकते हैं। प्रत्येक विधानसभा में पांच रैंडम सिलेक्टेड वीवीपैट मशीन के अंदर पर्चियों की काउंटिंग की जाएगी। जिसके उपरांत उसे ईवीएम में प्राप्त मतों के साथ टैली किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान मतदान कार्मिकों द्वारा कुल 27156 पोस्टल बैलेट का प्रयोग किया गया। इसके अतिरिक्त 12670 दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं ने मतदान किया था। साथ ही इलेक्ट्रॉनिकैली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलट सिस्टम के माध्यम से अब तक 52053 पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए।






# मतगणना में विधानसभा वार 378 कार्मिकों की तैनाती

हल्द्वानी। एमबीपीजी कालेज मीडिया सेन्टर हल्द्वानी में नोडल अधिकारी/नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने कहा कि प्रशासन द्वारा मतगणना के लिए सभी कार्मिकों को विधान सभावार अलग-अलग परिचय पत्र निर्गत किये गये हैं। ईवीएम को हॉल तक लाने ले जाने हेतु सभी कार्मिकों को अलग-अलग कलर की टीसर्ट विधान सभावार दी गई है। श्री मिश्रा ने बताया कि मतगणना में कुल 378 कार्मिकों की तैनाती की गई है जिसमें 144 माइक्रोआब्जर्वर, 114 सुपरवाईजर तथा 120 मतगणना सहायक तैनात रहेंगे। उन्होने कहा कि जनपद नैनीताल के लालकुआं विधानसभा क्षेत्र में 77402 मतदाता द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। इसी तरह भीमताल में 58315, नैनीताल में 57182, हल्द्वानी में 92484, कालाढूगी में 109912 तथा रामनगर विधानसभा में 77785 लोगों के द्वारा मत का प्रयोग किया तथा जनपद के कुल 473085 लोगो द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया है। श्री मिश्रा ने बताया कि मतगणना हेतु मतगणना सुपरवाईजर को पीले रंग का परिचय पत्र,मतगणना सहायक को पिंक परिचय पत्र माइक्रोआब्जर्वर को हल्का हरा परिचय पत्र दिये गये हैं। उन्होने बताय कि विधानसभा वार अभिकर्ताओं को अलग-अलग रंग के परिचय पत्र बनवाये गये हैं। जिसमें विधान सभा कालाढूगी के लिए हल्का आसमानी, हल्द्वानी हेतु हल्का पीला, नैनीताल हेतु आसमानी, भीमताल हेतु गहरा हरा तथा लालकुआं विधान सभा के अभिकर्ताओं के लिए गुलाबी परिचय पत्र जारी किये गये हैं। उन्होने बताया कि स्ट्रांग रूम से काउटिंग हॉल तक ईवीएम ले जाने हेतु कार्मिकों को विधानसभा वार परिचय हेतु टीसर्ट दी गई है। जिसके अन्तर्गत भीमताल विधानसभा के लिए गहरा हरा, हल्द्वानी हेतु तोतिया, नैनीताल हेतु गुलाबी, लालकुआं हेतु लाल, कालाढूगी हेतु नीला तथा रामनगर विधानसभा हेतु कार्मिकों को नारंगी टीसर्ट दी गई है।






# जंगल की आग से झुलसी नव विवाहिता की मौत

देवप्रयाग। देवप्रयाग क्षेत्र की क्वीली पालकोट पट्टी के गोदाण गांव में रविवार को जंगल की आग से झुलसी नव विवाहिता की मौत हो गई। एम्स ऋषिकेश पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा दिया है। वहीं परिजनों व पूजा के मायके की ग्राम प्रधान ने समय पर एंबुलेंस सेवा न मिलने और स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। रविवार को शाम चार बजे के करीब 21 वर्षीय पूजा पत्नी अरविंद सिंह आग से झुलस गई थी। आनन-फानन में परिजन पूजा को सीएचसी बागी ले गए। यहां पूजा का प्राथमिक उपचार करने के बाद ऋषिकेश एम्स के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन जिस अस्पताल की एंबुलेंस से उसे ले जाया जा रहा था वह शिवमूर्ति के समीप खराब हो गई। यहां पहुंची दूसरी 108 सेवा की एंबुलेंस भी साकनीधार में खराब हो गई। इसके बाद पौड़ी क्षेत्र की ऋषिकेश से श्रीनगर की ओर आ रही 108 एंबुलेंस ने पूजा को साकनीधार से कौड़ियाला तक पहुंचाया। शिवपुरी से चौथी एंबुलेंस कौड़ियाला तक पहुंची तब इसके जरिए उसे एम्स पहुंचाया गया, लेकिन एम्स पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बगसारी के उपप्रधान मनोहर रणाकोटी व पूजा के मायके कुर्न गांव की प्रधान पुष्पा रावत ने कहा कि पूजा को एम्स ले जाने के लिए चार एंबुलेंस का सहारा लिया गया। यदि एक ही एबुंलेंस समय पर उसे एम्स पहुंचा देती तो उसकी जान बच सकती थी।



# कल्याणी व्यू के व्यापारियों ने बांटा शरबत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कल्याणी व्यू के व्यापारियों ने आज लोगों को गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए छबील लगाकर मीठे जल का वितरण किया। ज्ञात हो कि यहां के व्यापारियों द्वारा हर वर्ष गर्मी के दौरान छबील लगाकर राहगीरों को मीठा जल बांटा जाता है। इस दौरान जल वितरण में राकेश कालड़ा, जगदीश कालड़ा, अशोक घई, रौनक बेदी, नन्दराम शर्मा, देवेन्दर सिंह राजू, परम सुखीजा, गुरमेज सिंह गाबा, सुमित बठला, पंकज गांधी, आदेश कुमार, कुलवंत सिंह, मनीष पाहवा, बरीत सिंह, श्वेता आर्या, अजय अरोरा, अनिल, हरप्रसाद गुप्ता, सन्नी छावड़ा, आशीष छावड़ा, जीवन आदि ने सहयोग किया। इस दौरान भारी संख्या में वाहनों में सवार लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर भीषण गर्मी से राहत दिलाई गई।



# राहगीरों को बांटे चने और मीठा शरबत

गूलरभोज(उद संवाददाता)। नगर में भीषण गर्मी से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पैदल चलना भी दूभर हो रहा है। बढ़ती गर्मी के बीच राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए नगर पंचायत गूलरभोज के अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी ने शिव मंदिर रेलवे फाटक के पास चने और मीठे शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी, तरुण दुबे, अनीता दुबे, बिजेंद्र यादव, शेषनारायण शुक्ला, इंदर सिंह राठौड़, डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, हरीश छाबड़ा, संजीव भटेजा, नंदन सिंह कोशयारी, सुरेश धपोला, अमित कुमार गुप्ता, पवन डोगरा, राजेश कुमार, विजय कुमार, आशु रघुवंशी, रामकिशन दहूजा, अंकित जोशी, प्रेम सागर और नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।



# सारथी फाउंडेशन ने लगाई मीठे पानी की छबील

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गत वर्षों की तरह इस बार भी सारथी फाउण्डेशन ने भीषण गर्मी से लोगों को राहत दिलाने के लिए राहगीरों को शरबत वितरित किया। आदर्श कालोनी में गुरुनानक स्कूल पर मीठे पानी की छबील लगाई। जहां राहगीरों को ठंडा शरबत बांटा गया। इस दौरान सारथी फाउंडेशन अध्यक्ष सचिन आनन्द, श्री खाटू श्याम सेवा मण्डल के अध्यक्ष श्री राजीव चावला जी, अमित कुमार, शालिनी शर्मा पांडे, अनीता मिश्रा, सुमित आनन्द, आनन्द श्रीवास्तव, जितेश शर्मा, रंजीत सागर, ओम प्रकाश, नरेन्द्र यादव, आशीष, पवन शर्मा, पुष्कर, सौरभ , लक्की जुनेजा, आर्यन आनन्द आदि मौजूद थे।

# श्रीमद भागवत कथा का हुआ समापन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नं.1 शिमला बहादुर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व संजय ठुकराल ने कथावाचक जतिन कुमार मिश्रा को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने भागवत कथा के आयोजन की सराहना करते हुए धार्मिक आयोजनों में बढ़चढ़कर भागीदारी करने का आहवान किया। श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम में समाज कोई धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है । उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के




लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरतत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का ज्ञान देना भी जरूरी है। धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। पूर्व विधायक ठुकराल ने धार्मिक आयोजनों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर एडवोकेट शिव कुंवर सिंह,एडवोकेट मनीष चंद्र सिंह,राम कुंवर सिंह बीज प्रमाणीकरण निरीक्षक, वीरेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार सिंह,गौरव सिंह, अवधेश कुमार ठाकुर,पवन राना, पाती राम गंगवार,अमित अवस्थी, सचिन छाबड़ा, सुभाष तिवारी,राजेश गुप्ता, शिवम सिंह,बंटी कोली आदि सहित कई लोग मौजूद थे।



ऊधमसिंहनगर जनपद में बगवाड़ा मंडी स्थित मतगणना केंद्र पर इंवीएम की काउंटिंग करते निर्वाचन अधिकारी और कमचारी।



# सीडीओ ने विकास कार्यो का किया स्थलीय निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने आकांक्षी विकासखण्ड गदरपुर की ग्राम पंचायत आनन्दखेडा का स्थलीय भ्रमण कर विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत लाभान्वित प्रवीन मण्डल पुत्र नागेन मण्डल के आवास का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि लाभार्थी द्वारा 03 कमरों का आवास निर्मित कराने के कारण आवास का आकार बडा होने के फलस्वरूप लाभार्थी द्वारा अतिरिक्त व्यक्तिगत संसाधनों से आवास को पूर्ण कराने में विलम्ब किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी, गदरपुर को निर्देश दिये गये कि भविष्य में यह सुनिश्चित करा लें कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत लाभान्वित लाभार्थियों द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार ही आवास निर्मित करायें जाएं ।इसके उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम आनन्दखेडा में ओमपाल सिंह के खेत में लघु सिंचाई विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-2022 में स्थापित की गयी सिंचाई परियोजना का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उक्त परियोजना में लिकेज पाया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बीडीओ गदरपुर को निर्देश दिये गये कि अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई, ऊधमसिंह नगर से समन्वय स्थापित कर लिकेज को सही कराने एवं निर्मित परियोजना का उचित रख-रखाव कराना सुनिश्चित करें । निरीक्षण के दौरान ही मुख्य विकास अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी, गदरपुर से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत लाभान्वित ऐसे लाभार्थी जिनके द्वारा आवास निर्माण में अपेक्षित रुचि नहीं ली जा रही है, के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा भागीरथ हालदार पुत्र महेन्द्र नाथ हालदार निवासी आनन्दखेडा के आवास का स्थलीय निरीक्षण किया व लाभार्थी को अर्द्धनिर्मित आवास को यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु प्रेरित किया ।इसके उपरांत ग्राम पंचायत आनन्दखेडा में मनरेगा योजनान्तर्गत व्यक्तिगत लाभार्थपरक आजीविका संवर्धन योजना में प्रतिमा बढई पत्नी अमित बढई के पशु शेड का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्टया पशु शेड मानक के अनुसार सही पाया गया। खण्ड विकास अधिकारी. गदरपुर को उक्त योजनान्तर्गत अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कराने के निर्देश दिये गये ।निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान की फसल पाये जाने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों / कृषकों को ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प में मक्का की फसल लेने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया गया । जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत खोदी गयी सड़कों को 15 दिवस के समयान्तर्गत मरम्मत कराकर आवागमन योग्य बनाने के निर्देश जल निगम के संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये ।मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी निर्देश दिये गये कि ग्रोथ सेन्टरो को क्रियाशील कराने के साथ-साथ समूहों की महिलाओं की आजीविका संवर्धन के विभिन्न क्रियाकलाप को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कराना सुनिश्चित करें साथ ही गूलरभोज जलाशय के पर्यटन स्थल होने के कारण स्थानीय स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पर्यटन व्यवसाय से सम्बन्धित क्रियाकलाप में सम्मिलित कराने के भी निर्देश खण्ड विकास अधिकारी, गदरपुर को दिये गये । निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी, गदरपुर, क्षेत्रीय ग्राम विकास अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे ।







# भारत विकास परिषद् की प्रांतीय कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद् उत्तराखंड पूर्व प्रांत की प्रांतीय कार्यशाला एवं दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन एक होटल में किया गया। इस प्रांतीय कार्यशाला का आतिथ्य भारत विकास परिषद् रुद्रपुर शाखा द्वारा किया गया । कार्यशाला का शुभारम्भ भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील खेड़ा, उत्तर मध्य क्षेत्र-1 के क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, क्षेत्रीय संगठन सचिव शरत चंद्र, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेन्द्र अरोरा, उत्तराखंड पूर्व प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष नरेश कंसल, प्रांतीय महासचिव हरीश शर्मा, रुद्रपुर शाखा के अध्यक्ष विष्णु सक्सेना, सचिव राहुल सिंघल, कोषाध्यक्ष शक्ति बाठला, उपसचिव जतिन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां भारती और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर व तत्पश्चात वंदेमातरम् से किया गया। दायित्व ग्रहण समारोह में उत्तर मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन सचिव शरत चंद्र द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष के लिए नरेश कंसल, प्रांतीय महासचिव के लिए हरीश शर्मा, प्रांतीय वित्त सचिव के लिए दीपक अरोरा, प्रांतीय महिला संयोजिका के लिए गीतू केसरवानी एवं अन्य दायित्वधारियों को शपथ दिलाई गई। भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील खेड़ा ने भारत विकास परिषद् के उद्देश्य, लक्ष्य, पांच सूत्र (संपर्क, सहयोग, संस्कार,सेवा, एवं समर्पण) एवं कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में बताया। उत्तर मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन सचिव शरत चंद्र ने शाखा के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं अन्य दायित्वधारियों की प्रभावी भूमिका के बारे में बताया। क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोरा ने परिषद् की संगठन व्यवस्था उसके नियम व विनियम एवं प्रोटोकॉल के बारे में बताया। क्षेत्रीय सचिव (सेवा) निर्मल मेहता ने सेवा, ग्राम विकास एवं ग्रामीण स्वास्थ्य के कार्यक्रम जैसे दिव्यांग सहायता, एनीमिया मुक्त भारत, बनवासी सहायता, रक्तदान, पर्यावरण आदि के बारे में बताया। क्षेत्रीय सचिव (संस्कार) अजय विश्नोई ने संस्कार प्रकल्प जैसे राष्ट्रीय समूह गान, भारत को जानो, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन, परिवार संस्कार आदि कार्यक्रमों के बारे में बताया। क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल ने संपर्क द्वारा परिषद् के कार्यक्रमों से समाज को जोड़ने एवं लाभान्वित करने की जानकारी दी। क्षेत्रीय सचिव (संपर्क) राजेंद्र कुमार गुप्ता ने परिषद् के क्रियाकलापों के निमित्त वित्तीय नियमों एवं वित्तीय अनुशासन के बारे में बताया। क्षेत्रीय सचिव (महिला सहभागिता) पाला मेहता ने महिला सहभागिता के कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं परिषद् की महिला सदस्यों को इसमें सहभागिता करने के बारे में बताया। इस प्रांतीय कार्यशाला का समापन निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष गजेंद्र सिंह संधू के आशीर्वचन रूपी उद्बोधन से किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में परिषद के इतिहास और समाज के उत्थान, परिवार में संस्कारों की आवश्यकता में परिषद की भूमिका के बारे में बताया। इस कार्यशाला में उत्तर मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव राजेंद्र कुमार गुप्ता, अजय बिश्नोई, निर्मल मेहता, पाला मेहता, राष्ट्रीय प्रकल्प समिति सदस्य भारत को जानो सुखजीत कौर खिंडा, उत्तराखंड पूर्व प्रांत की प्रांतीय दायित्वधारी एवं प्रांत की 20 शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं महिला संयोजिका एवं अन्य दायित्वधारी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला का संचालन भारत विकास परिषद् प्रांतीय महासचिव हरीश शर्मा एवं रुद्रपुर शाखा सचिव राहुल सिंघल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव प्रांतीय संयोजक (संपर्क) सचिन पैंगिया व रुद्रपुर शाखा के कोषाध्यक्ष शक्ति बाठला द्वारा दिया गया। राष्ट्रगान के साथ इस कार्यशाला का समापन किया गया।





# महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए प्रवेश शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश कार्य सोमवार से शुरू है। महाविद्यालय के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से कुल 3,165 प्रवेशार्थियों ने बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने के लिए आवेदन किया है। इसमें से बीए प्रथम सेमेस्टर के लिए 1580, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के लिए 886, बीएससी प्रथम सेमेस्टर बायो ग्रुप के लिए 353, बीएससी प्रथम सेमेस्टर मैथ्स ग्रुप के लिए 194 तथा बीबीए प्रथम सेमेस्टर के लिए 152 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने बताया कि महाविद्यालय में स्वीकृत मानकानुसार वर्ष 2024-25 के लिए बीए प्रथम सेमेस्टर में 1459, बीकॉम



प्रथम सेमेस्टर में 440, बीएससी बायो ग्रुप में 176, बीएससी मैथ्स ग्रुप में 176, बीबीए प्रथम सेमेस्टर में 66 छात्र छात्राओं का प्रवेश किया जा सकेगा। इन सीटों पर होने वाले प्रवेश पर 19 प्रतिशत सीट एससी, 4 प्रतिशत सीट पर एसटी, 14 प्रतिशत सीट ओबीसी के लिए तथा 10 प्रतिशत सीट ईडब्ल्यूएस यानि कि आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थी के लिए आरक्षित होगी। प्राचार्य डॉ. पंत ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर (बीए, बीएससी, बीकॉम तथा बीबीए) की कक्षाओं में प्रवेश के लिए सामान्य वर्ग के लिए मैरिट कट ऑफ बीए के लिए 57 प्रतिशत, बीएससी बायो ग्रुप के लिए 67.6 प्रतिशत, बीएससी मैथ्स ग्रुप के लिए 65.4 प्रतिशत बीकॉम के लिए 67.6 प्रतिशत तथा बीबीए के लिए 71 प्रतिशत गई है।

# कनाडा भेजने के नाम पर साढ़े ग्यारह लाख की ठगी

खटीमा(उद संवाददाता)। कनाडा भेजने के नाम पर रघुलिया निवासी एक व्यक्ति ने रुद्रपुर के दंपति पर साढ़े ग्यारह लाख की ठगी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पीड़ित ने कहा कि आरोपियों ने उसे कनाडा की जगह आस्ट्रेलिया का फर्जी वीजा थामा दिया। जब उसने रुपये मांगे तो आरोपियों ने एक लाख रुपये दिए। बाकी रकम मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कश्मीर सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि आरोपी दंपति के पास वह 2019 में अपने बेटे के साथ रुद्रपुर गया था। आरोपियों ने उसकी बहू को कनाडा में एजुकेशन वीजा पर भेजने का वादा किया। दंपति ने भरोसा दिलाया कि वह उसकी बहू को कनाडा भिजवा देंगे। वह पहले भी कई लोगों को एजुकेशन वीजा पर विदेश भेज चुके हैं। आरोपियों ने स्कूल फीस सहित 18 लाख रुपये का खर्च कनाडा जाने के लिए बताया। कहा कि वीजा लग चुका है। आरोपियों ने उससे अलग-अलग समय में 11.50 लाख रुपये ले लिए। इस बीच कोरोना के चलते हुए लॉक डाउन की बात कहकर आरोपियों ने चुप्पी साध ली। 2022 में उन्होंने फिर संपर्क किया तो आरोपियों ने कहा कि उनका कनाडा की जगह आस्ट्रेलिया का वीजा लग गया है। उन्होंने वीजा लेकर जब आस्ट्रेलिया के लिए टिकट बुक कराने साइबर कैफे गए तो टिकट बुक नहीं हुई। साइबर कैफे सेपता चला कि जो वीजा है वह फर्जी है। तब उन्हें अपने ठगे जाने का अहसास हुआ।जब उन्होंने आरोपियों से अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने दो बार में एक लाख रुपये वापस कर दिए। बाकी रकम मांगने पर मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी गुरबाज सिंह, मनदीप कौर निवासी रुद्रपुर के खिलाफ धोखाधड़ी सहित दूसरी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसएसआई अशोक कुमार ने कहा कि मामले की जांच चल रही है।

# कराटे फाउंडेशन ऑपफ इंडिया का पांच दिवसीय राष्ट्रीय शिविर भीमताल में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कराटे फाउंडेशन ऑफ इंडिया के कंट्री डायरेक्टर राष्ट्रीय अध्यक्ष सियान बसंत कुमार सिंह (फिफ्थ डानब्लैक बेल्ट) व उत्तराखंड इकाई के अध्यक्ष रूपेन्द्र नागर ने बताया कि संस्था जापान से संबद्ध है। इसका 30 वां 5 दिवसीय राष्ट्रीय शिविर भीमताल विनायक में अयोजित किया गया है। जिसमें देश से 85 खिलाड़ी बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट के लिए उत्तराखंड के भीमताल पहुंचे हैं। जिनमें कुछ खिलाड़ियों का पहला डन ब्लैक बेल्ट व तीसरा डन ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट भी होंगे। उन्होंने बताया कि बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट लेने के लिए कजाकिस्तान से तीसरा डनब्लैक बेल्ट ओमरबेक अल्मागजनोव एव रसिया से शोल्डआटोव, दान ब्लैक बेल्ट एव इंटरनेशनल फाइटर एलेंडर स्मिरनाव, रसिया आदि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बेल्ट ग्रेडिंग ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट के लिए



उत्तराखंड पहुंचेंगे । इस दौरान क्यो कुशन कराटे इंडिया उत्तराखंड इकाई उत्तराखंड इकाई के प्रदेश अध्यक्ष रूपेन्द्र नागर, राष्ट्रीय सचिव हरीश पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष मुजाहिद इस्लाम, प्रदेश सचिव दीपक रावल, जिला अध्यक्ष नैनीताल भूपेन्द्र सिंह बिष्ट , जिला अध्यक्ष उधम सिंह नगर विक्की राज शर्मा, कानूनी सलाहकार एडवोकेट देवेन्द्र पाल सिंह,सोशल मीडिया प्रभारी साने आलम,अरुण प्रताप सिंह, ध्रुव डालमिया, मंगलम सिंह, हर्षित श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव , दिव्या बिष्ट, भावना मझगई, बबीता सिंह, कुसुम, लता सिंह, अक्षिता पांडे, प्रतिष्ठा, आफिया, मुजाहिद आदि मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न के अलग अलग मामलों में सात नामजद

खटीमा(उद संवाददाता)। दहेज उत्पीड़न के दो अलग-अलग मामलों में पति, सास, ससुर सहित सात लोगा नामजद किए गए हैं। इसमें श्रीपुर बिचुवा निवासी किरन रावत ने अपने पति, सासुर, सास पर दहेज की मांग करने और प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने पति सूरज चंद, ससुर व सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दूसरे मामले में कंचनुर पचपेड़ा निवासी जाबीन ने पुलिस को सौंपी तहरीर में पति, सास, ससुर और देवर पर दहेश के लिए प्रताड़ित करने, जान से मारने की धमकी देने, तीन तलाक बोलकर सबंध विच्छेद करने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने पति अरशद, सास, ससुर, देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएस आई अशोक कुमार ने बताया कि दोनों ही मामले की जांच की जा रही है।

# धीरे धीरे खुल रही गुप्ता बंधुओं और उनके बहनोई की कुंडलियां

देहरादून। बिल्डर साहनी आत्महत्या प्रकरण में अब गुप्ता बंधुओं और उनके बहनोई की कुंडलियां धीरे-धीरे खुल रही हैं। बहाना रिहायशी कॉम्प्लेक्स के निर्माण में साझेदारी का था, लेकिन अपने काले धन को सफेद करने में भी गुप्ता ने कमी नहीं छोड़ी। पुलिस जांच में अब तक 35 से 40 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग के लिहाज से लेनदेन की बात सामने आई है। ऐसे में ईडी के अधिकारियों ने भी पुलिस कप्तान से मुलाकात कर इसकी जानकारी जुटाई है। दरअसल बाबा साहनी को प्रोजेक्ट में जब किसी निवेशक की जरूरत पड़ी तो उन्होंने अपने परिचित बलजीत सोनी से मुलाकात की। सोनी ने उन्हें गुप्ता बंधुओं के बहनोई अनिल गुप्ता का नाम सुझा दिया। साहनी भी तैयार हो गए। अनिल गुप्ता ने शुरुआत में 25 करोड़ रुपये निवेश किया। लेकिन, धीरे-धीरे अनिल तो परदे के पीछे हो गया और सामने गुप्ता बंधुओं में से एक अजय गुप्ता आ गया। अब जैसे अजय गुप्ता को अपने काले धन को सफेद करने का मौका मिल गया। डील अनिल गुप्ता की कंपनी से साहनी की कंपनी के शेयर के बदले



कारोबार की हुई थी, लेकिन अजय गुप्ता अब अपनी कंपनी से लेनदेन करने लगा। सारी बातें अजय गुप्ता ही करता था। वही साहनी से अपने पैसे वापस करने और उनके पूरे प्रोजेक्ट को अपने नाम कराने को लेकर डराने-धमकाने लगा। पुलिस की जांच जब आगे बढ़ी तो गुप्ता की ये हरकतें भी सामने आने लगीं। पता चला कि डील तो अनिल के साथ हुई थी, लेकिन अजय गुप्ता की एक नहीं पांच कंपनियां इस प्रोजेक्ट में दाएं-बाएं से निवेश करने लगी। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को ऐसे 35 से 40 करोड़ रुपये के लेनदेन की जानकारी मिली है। पुलिस ने रविवार को इन कंपनियों को नोटिस भी जारी किए थे। अब इस जानकारी को जुटाने के लिए ईडी के अधिकारियों ने भी पुलिस कप्तान अजय सिंह से मुलाकात की है। अब देखने वाली बात है कि गुप्ता बंधु और उनके बहनोई ईडी की जांच में फंसते हैं या नहीं। पुलिस ने ईडी को सारी जानकारी उपलब्ध करा दी है। अब तक साहनी के सुसाइड नोट के आधार पर कार्रवाई की गई है। हालांकि, साहनी ने गुप्ता के इस खेल का जिक्र अपने सुसाइड नोट में नहीं किया था। लेकिन अब माना जा रहा है कि गुप्ता ने साहनी को इस बारे में बताया होगा कि वे मनी लॉन्ड्रिंग के लिए भी उनकी कंपनी का इस्तेमाल कर रहे हैं। जब साहनी फंसे तो उन्हें लगा होगा कि वह गुप्ता के साथ केंद्रीय एजेंसियों के चंगुल में फंस सकते हैं या गुप्ता ही उन्हें इस तरह के षड्यंत्र में फंसा सकते हैं। इसी कारण से उन्होंने आत्मघाती कदम उठा लिया।

# सीएम धामी के फेसबुक पेज पर बढ़े एक करोड़ फालोअर्स

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का फेसबुक पेज सबसे अधिक एक करोड़ फालोअर्स वाले नेताओं में शुमार हो गया है। उनकी लोकप्रियता इस कदर बढ़ी है कि सोशल मीडिया पर पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बाद फॉलोअर्स के मामले में देश के बड़े नेताओं में शुमार हो गए हैं। लोकप्रियता के ग्राफ में आए इस उछाल के पीछे लोकसभा चुनाव में देशभर में स्टार प्रचारक की जिम्मेदारी मिलने और अपनी सरकार में बड़े और कड़े फैसलों को माना जा रहा है। खासकर युवाओं में मुख्यमंत्री धामी का ज्यादा क्रेज दिखा है। देशभर में सभी मुख्यमंत्रियों और पक्ष-विपक्ष के नेताओं में मुख्यमंत्री धामी की सोशल मीडिया में लोकप्रियता बढ़ी है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत देश के सभी मुख्यमंत्रियों में धामी की लोकप्रियता का ग्राफ सबसे ऊपर है। उत्तराखंड में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, त्रिवेंद्र सिंह रावत से लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल समेत बड़े नेताओं में मुख्यमंत्री धामी के फालोवर्स कई गुना ज्यादा हैं। इसी तरह देश में सोशल मीडिया में फालोअर्स की संख्या के मामले में धामी ने कांग्रेस के राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पीछे छोड़ दिया है। धामी की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समेत अन्य बड़े नेताओं से अधिक फैन फॉलोइंग हो चुकी है।








# कन्वेयर मशीन की चपेट में आकर ऑपरेटर घायल

काशीपुर(उद संवाददाता)। महुआखेड़ा गंज स्थित पशु आहार बनाने



वाली तिवाना ऑयल फैक्ट्री में ड्यूटी के दौरान मशीन की चपेट में आकर ऑपरेटर बुरी तरह लहूलुहान हो गया। बेहद नाजुक हालत में घायल ऑपरेटर को उपचार के लिए एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत लगातार नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ समय से 27 वर्षीय अमनप्रीत सिंह नामक युवक फैक्ट्री में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। पता चला है कि बीते दिवस वह नाइट ड्यूटी के दौरान कन्वेयर मशीन पर काम कर रहा था इसी दौरान उसका हाथ अचानक मशीन में आ गया और पलक झपकते ही दो उंगलिया कट गई। हादसे की खबर जैसे ही फैक्ट्री में कार्यरत अन्य कर्मचारियों को मिली वहां अफरातफरी मच गई। प्रबंधन को जब इसका पता चल तो उसने मामले को कानून की नजर से बचकर बगैर पुलिस को सूचित किया घायल वर्कर को गुपचुप तरीके से मुरादाबाद रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करा दिया। यहां जब समाचार पत्र के प्रतिनिधि ने घायल फैक्ट्री कर्मी से बातचीत की तो पता चला कि उसे ड्यूटी के दौरान सुरक्षा उपकरण नहीं उपलब्ध कराए गए थे। इस बारे में जब फैक्ट्री के कमलेश नामक एक अधिकारी से मोबाइल फोन पर संपर्क कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने इसे मामूली घटना बताया और गैर संतोष जनक जवाब देते हुए पल्ला झाड़ लिया। वहीं बताया जाता है कि फैक्ट्री में घटित हादसे के दौरान घायल युवक को सुरक्षा उपकरण नहीं उपलब्ध कराए गए थे। प्रबंधन को जैसे ही एक्सीडेंट की सूचना मिली उसने तत्काल कानून की धज्जियां उड़ाते हुए बगैर पुलिस को इत्तिला दिए गुपचुप तरीके से घायल फैक्ट्री कर्मी को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करा दिया। मजे की बात यह है कि अस्पताल वालों ने भी फैक्ट्री में घटित हादसे की सूचना पुलिस को नहीं दी और गुपचुप तरीके से घायल फैक्ट्री कर्मी को अस्पताल में भर्ती कर लिया जबकि नियम के मुताबिक दुर्घटना की सूचना पुलिस को तत्काल दी जानी चाहिए थी। इसके साथ ही ड्यूटी के दौरान घायल युवक को पहले राजकीय चिकित्सालय ले जाना चाहिए था। जानकारी जुटाने पर पता चला कि कम्पनी में तमाम वर्कर ऐसे हैं जिनका पीएफ ईएसआई बीमा आदि नहीं कटता। 8 घंटे की बजाए 12 घंटे काम लिया जा रहा है। इसके साथ ही कुछ नाबालिक भी फैक्ट्री में काम करते बताए जा रहे हैं। कुल मिलाकर लेबर इंस्पेक्टर की भूमिका बेहद संदेहात्मक प्रतीत होती है।


**श्री सनातन धर्म कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**( कुमाऊ विश्वविद्यालय नैनीताल से मान्यता प्राप्त )**
**रूद्रपुर - 263153 जिला ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखंड )**

**आवश्यकता है**

श्री सनातन धर्म कन्या स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, रूद्रपुर में शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र विषयों हेतु महिला प्रवक्ता की।

शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी. के मानकानुसार पी.एच.डी./ नेट अनिवार्य, साक्षात्कार की तिथि 06.06.2024 समय प्रात: 11 बजे।

**प्रबन्धक**- श्री सनातन धर्म कन्या स्नात्कोत्तर महाविद्यालय आदर्श कालोनी रूद्रपुर(उधमसिंह नगर) मो.9760024591


# प्रशिक्षणार्थियों को दिये टिप्स

किच्छा(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय किच्छा में वैल्यू एडिट प्रोग्राम के अंतर्गत दस दिन का बेसिक कंप्यूटर कोर्स चल रहा है। कार्यक्रम में महा विद्यालय के 22 विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। दो सत्रों में चल रहे हैं कोर्स में सैद्धांतिक के साथ तकनीकी सत्र पर विशेष बल दिया जा रहा है ताकि प्रशिक्षुओं में वोकेशवल समझ विकसित हो सके। तीसरे दिन के रिसोर्स पर्सन प्राचार्य डॉ राजीव रतन ने कहा कि विद्यार्थी को केवल सीखना ही नहीं बल्कि प्रेंजेंटेशन की कला भी सीखनी है। पॉवर प्वाइंट टूल इस नजर से बेजोड़ टूल है। यह टूल माइक्रोसाफ्ट के साथ गूगल एपलिकेशन में मौजूद है । विद्यार्थी अगले सत्र से अपने एसाइनमेंट का पीपीटी प्रेंजटेशन कर सकते हैं । जरुरत पहल करने की है। लगातार कोशिशों को जारी रखने की है। इन्सर्टिंग टूल्स के माध्यम से वॉइस टाइपिंग जैसे जरुरी बन चुके टूल्स को अपनाया जा सकता है। विद्यार्थियों ने लैपटॉप, मोबाइल कंप्यूटर तथा टैबलेट में टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्राचार्य ने बताया कि कोर्स के विद्यार्थियों मे काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## पेज एक का शेष...

**उत्तराखंड में फिर खिला...**लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट 691639 वोटों के साथ सबसे आगे थे। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी प्रकाश जोशी को 385364 वोट मिले थे। हरिद्वार सीट पर भाजपा प्रत्याशी 430923 वोट लेकर सबसे आगे थे जबकि कांग्रेस प्रत्याशी विरेन्द्र रावत को 344030 वोट मिले थे। अल्मोड़ा सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा 3,61393 वोटों के साथ सबसे आगे थे जबकि कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा 158122 वोट के साथ दूसरे नंबर पर थे। पौड़ी गढ़वाल सीट पर भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी 337747 वोटों के साथ पहले नंबर पर थे जबकि कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल 210538 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर थे। टिहरी गढ़वाल सीट पर माला राज्य लक्ष्मी शाह 337429 वोटों के साथ पहले स्थान पर थी जबकि कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला 135967 वोटा लेकर दूसरे नम्बर पर जबकि निर्दलीय बॉबी पवार 123413 वोट लेकर तीसरे स्थान पर थे। समाचार लिखे जाने तक अंतिम परिणाम घोषित नहीं हुए थे। रूझानों में नैनीताल उधम सिंह नगर के प्रत्याशी अजय भट्ट सर्वाधिक मतों से विजयी होते नजर आ रहे थ्हे।

**देश में एक बार फिर...**टीडीपी चीफ चंद्रबाबू नायडू को फोन किया। बीजेपी नेताओं ने नायडू से फोन पर बातचीत की है। बतादें कि टीडीपी ने लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया है। टीडीपी फिलहाल 16 सीटों पर आगे चल रही थी। पीएम मोदी और अमित शाह ने टीडीपी प्रमुख से बातचीत की है। दोनों नेताओं ने नायडू को फोन पर बधाई दी है। बता दें कि टीडीपी एनडीए में सहयोगी है। टीडीपी एनडीए की सरकार बनाने में किंगमेकर की भूमिका निभा सकती है।

**बाईक खाई में...**मार्ग से होते हुए मुख्य मार्ग तक लाकर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया। मृतकों की पहचान 26 वर्षीय जयदीप सिंह रावत पुत्र सुरेंद्र सिंह रावत निवासी श्रीकोट पौड़ी तथा 25 वर्षीय रोहित रावत पुत्र स्वर्गीय राम सिंह रावत निवासी श्रीकोट पौड़ी के रूप में हुयी।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरू माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338